# BIHAR DAROGA PRE. 2023 (1275) में पूछे गए प्रश्न 1st Shift

1. **5वाँ आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?**
(a) बैंकॉक (b) जकार्ता
(c) नई दिल्ली (d) कुआलालंपुर

2. **राज्य विधानसभा की अधिकतम संख्या निर्धारित है-**
(a) 60 (b) 240
(c) 360 (d) 500

3. **केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है-**
(a) राज्यसभा के प्रति (b) लोकसभा के प्रति
(c) राष्ट्रपति के प्रति (d) लोकसभा अध्यक्ष के प्रति

4. **राष्ट्रीय आय बराबर होती है-**
(a) $NNP_{FC}$ (b) $NNP_{MP}$
(c) $GDP_{FC}$ (d) $GDP_{MP}$

5. **संघीय कार्यपालिका में शामिल नहीं है-**
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) भारत के महान्यायवादी
(d) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

6. **किस केन्द्रीय मंत्रालय ने 'eSARAS मोबाइल एप' लॉन्च किया ?**
(a) विद्युत मंत्रालय (b) नागरिक उड्डयन मंत्रालय
(c) ग्रामीण विकास मंत्रालय (d) विदेश मंत्रालय

7. **हाल ही में पदक जीतने वाले रूद्राक्ष पाटिल का संबंध किस खेल से है ?**
(a) कुश्ती (b) मुक्केबाजी
(c) निशानेबाजी (d) तीरंदाजी

8. **कुमार पोस्ट, सियाचिन में तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी का नाम बताइए-**
(a) कैप्टन अवनी चतुर्वेदी (b) कैप्टन शिवा चौहान
(c) कैप्टन मोहना सिंह जीतरवाल
(d) कैप्टन भावना कंठ

9. **यदि y के 20% का 20%; 20 हो तो, y का मान है-**
(a) 80 (b) 100
(c) 400 (d) 500

10. **बिहार में प्रचलित कीमतों पर (2011-12) 2019-20 में विशुद्ध राज्य घरेलु उत्पाद की संवृद्धि दर थी :**
(a) 13.5% (b) 15.6%
(c) 14.1% (d) 12.7%

11. **कौशाम्बी किस महाजनपद की राजधानी थी ?**
(a) कुरू (b) कौशल
(c) काशी (d) वत्स

12. **किस समूह में सही अर्थ प्रकट करने वाले शब्द-युग्म हैं ?**
(a) कुल - किनारा, कूल - वंश (b) अनल - हवा, अनिल - अग्नि
(c) दैव - देवता, देव - भाग्य (d) शर - बाण, सर - तालाब

13. **रूस किस संधि द्वारा प्रथम विश्वयुद्ध से अलग हुआ ?**
(a) पेट्रोगाड की संधि (b) वियना की संधि
(c) वर्साय की संधि (d) ब्रेस्ट लिटोवस्क की संधि

14. **विस्थापन का दूरी के साथ अनुपात हमेशा :**
(a) एक से कम होता है।
(b) एक के बराबर होता है।
(c) एक से ज्यादा होता है।
(d) एक के बराबर या कम होता है।

15. **द्वार कोशिकाओं में जब जल अंदर जाता है तो वे फूल जाती हैं और रंध्र का छिद्र .......... जाता है।**
(a) खुल (b) बंद
(c) सिकुड़ (d) फट

16. **सरकार द्वारा लगायी गयी रूकावटों व प्रतिबंधों को हटाना कहलाता है-**
(a) वैश्वीकरण (b) निजीकरण
(c) संरक्षण (d) उदारीकरण

17. **कांगड़ा लघु चित्रकला किस राज्य में बनाई जाती है ?**
(a) असम (b) हिमाचल प्रदेश
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) गुजरात

18. **मानव विकास सूचकांक को प्रकाशित किया जाता है-**
(a) विश्व आर्थिक मंच द्वारा
(b) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा
(c) UNDP (संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम) द्वारा
(d) विश्व बैंक समूह द्वारा

19. **'द स्पिरिट ऑफ द लॉज' नामक रचना का लेखक कौन था ?**
(a) रूसो (b) जॉन लॉक
(c) मॉन्टेस्क्यू (d) दिदरो

20. **भारत सरकार द्वारा जनजातियों के स्व-शासन के विभिन्न आयामों का परीक्षण करने के लिए गठित समिति का नाम बताइये-**
(a) भूरिया समिति (b) सरकारिया समिति
(c) अशोक मेहता समिति (d) एल. एम. सिंघवी समिति

21. **उपभोक्ताओं के जिस अधिकार के तहत वस्तुओं व सेवाओं के विनिर्माता द्वारा पैकिंग पर सूचना दर्शायी जाती है यह है-**
(a) सूचना का अधिकार (b) चयन करने का अधिकार
(c) निवारण करने का अधिकार
(d) प्रतिनिधित्व का अधिकार

22. **अभिनेत्र लेंस की वक्रता रूपांतरित की जा सकती है-**
(a) दृष्टिपटल द्वारा (b) पक्ष्माभी पेशियों द्वारा
(c) पुतली द्वारा (d) परितारिका द्वारा

23. **राष्ट्रपति राज्यसभा में ...... सदस्य मनोनीत कर सकता है-**
(a) 2 (b) 6
(c) 10 (d) 12

24. **भारत का राज्य अथवा केन्द्रशासित प्रदेश जो जनगणना 2011 में साक्षरता दर में तीसरा सर्वाधिक मान रखता है, यह था-**
(a) लक्षद्वीप (b) त्रिपुरा
(c) मिजोरम (d) गोवा

25. **एक परीक्षा में किसी विद्यार्थी को प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिये जाते हैं तथा गलत उत्तर के लिए 2 अंक काट लिए जाते हैं। यदि एक विद्यार्थी ने सभी 75 प्रश्नों के उत्तर दिये हों तथा कुल 150 अंक अर्जित किये हों, तो उस विद्यार्थी ने कितने प्रश्नों के उत्तर सही दिये थे ?**
(a) 45 (b) 48
(c) 50 (d) 55

26. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया में भाग नहीं लेता ?
I. संसद के किसी भी सदन के मनोनीत सदस्य
II. संसद के किसी भी सदन के निर्वाचित सदस्य
III. राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्य
IV. दिल्ली एवं पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र की विधानसभा के निर्वाचित सदस्य
सही कूट चुनिये-
(a) I और IV (b) केवल I
(c) III और IV (d) केवल III

27. एकरा राजधानी है-
(a) घाना की (b) सेनेगल की
(c) ट्यूनिशिया की (d) युगाण्डा की

28. निम्नलिखित में से किस संगठन ने हाल ही में 'ऑपरेशन गरुड़' चलाया है ?
(a) सी.बी.आई. (b) एन.आई.ए.
(c) ई.डी. (d) आई.बी.

29. एक दूरदर्शी में अभिदृश्य उत्तल लेंस के स्थान पर परवलय दर्पण का उपयोग क्यों लाभकारी है ? सबसे अधिक सही उत्तर चुनो।
(a) परवलय दर्पण में उत्तल लेंस की तुलना में रंग संबंधी असामान्यता नहीं होती है।
(b) परवलय दर्पण में उत्तल लेंस की तुलना में गोलाकार विचलन नहीं होता है।
(c) परवलय दर्पण में उत्तल लेंस की तुलना में रंग संबंधी असामान्यता एवं गोलाकार विचलन नहीं होता है एवं दर्पण उत्तल लेंस की तुलना में हल्का होता है।
(d) परवलय दर्पण उत्तल लेंस की तुलना में अधिक हल्का होता है।

30. बलवंत राय मेहता कमेटी संबंधित है-
(a) पंचायती राज से (b) मौलिक अधिकारों से
(c) मूल कर्त्तव्यों से (d) नीति निदेशक तत्वों से

31. कोसी नदी बिहार के किस शहर में गंगा नदी से मिलती है ?
(a) भागलपुर (b) पूर्णिया
(c) कुरसैला (d) सुपौल

32. निम्न संतों के कालक्रम को सजाए-
I. चैतन्य II. रामानुजाचार्य
III. तुलसीदास IV. नामदेव
(a) II, IV, I, III (b) II, I, III, IV
(c) II, I, IV, III (d) IV, II, III, I

33. स्वावलंबन 2.0 कौन लांच किया ?
(a) नौसेना (b) वायुसेना
(c) थलसेना (d) RBI

34. इलेक्ट्रिक स्कूटर 'VIDA' किसके द्वारा लॉन्च किया गया ?
(a) हीरो मोटोकॉर्प (b) टाटा
(c) महिन्द्रा (d) None

35. अलीनगर की संधि किसके बीच हुआ था ?
(a) ब्रिटिश और मीरजाफर (b) ब्रिटिश और सिराजुद्दौला
(c) ब्रिटिश और मीरकासिम (d) ब्रिटिश और शुजाऊद्दौला

36. Playing it my ways किसकी रचना है ?
(a) सचिन तेंदुलकर (b) टाइगर वुड्स
(c) ब्रायन लारा (d) सौरभ गांगुली

37. मुगल-मेवाड़ संधि कब हुआ है ?
(a) 1605 (b) 1615
(c) 1616 (d) 1604

38. मंगल पाण्डे किस नेटिव इन्फैक्ट्री से संबंधित थे ?
(a) 20 N.I (b) 34 N.I
(c) 38 N.I (d) 24 N.I

39. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान अनुच्छेद-19 किस अनुच्छेद के तहत निलंबित किया जाता है ?
(a) 356 (b) 358
(c) 360 (d) 361

40. बैलाडीला खान किसलिए प्रसिद्ध है ?
(a) सोना (b) चांदी
(c) लौह अयस्क (d) तांबा

41. प्रोजेक्ट 75-I किससे संबंधित है ?
(a) पनडुब्बी (b) हवाई जहाज
(c) सैन्य अभ्यास (d) मिसाइल

42. Bronze मेडल किसका मिश्रण है-
(a) Cu + Sn (b) Cu + Zn
(c) Cu + Si (d) None

43. पश्चिमी घाट में प्रचलित क्रुद्रेमुख क्या है ?
(a) झील (b) जलप्रपात
(c) पर्वती चोटी (d) None

44. भारत का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है-
(a) जिम कार्बेट (b) कीबुल लामजाओ
(c) मानस (d) None

45. निम्न में से किस संस्था को RBI विनियमन नहीं करता है।
(a) आवास एवं वित्त बैंक
(b) उपकरण एवं निवेश संबंधी संस्था
(c) गैर बैंकिंग वित्तीय कपंनियाँ
(d) None

46. निम्नांकित में से कौन सा राज्य क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा है ?
(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

47. Change the following sentence into passive voice from the options given below :
I eat a banana everyday.
(a) A banana has been eaten by me everyday.
(b) A banana was eaten by me everyday
(c) A banana is eaten by me everyday.
(d) A banana had been eaten by me everyday.

48. निम्नलिखित तत्वों में, सबसे कम विद्युतऋणात्मकता है :
(a) Li की (b) Cs की
(c) Cl की (d) N की

49. एकसमान वृत्तीय गति में निम्न राशि स्थिर रहती है-
(a) चाल (b) वेग
(c) संवेग (d) त्वरण

50. निम्नलिखित निवारक निरोध अधिनियम को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये-
I. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम
II. आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम
III. स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम
IV. विदेशी मुद्रा के संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम

सही कूट चुनिये :
(a) II, IV, I, III (b) I, II, III, IV
(c) II, IV, III, I (d) II, III, IV, I

**51. निम्नलिखित में से कौन अभिश्रणीय द्रवों को अलग करने की एक विधि है ?**
(a) पृथक्कारी कीप के प्रयोग से
(b) प्रभाजी आसवन
(c) निस्तारण (d) छानना

**52. गंगा के निचले मैदान किस फसल के लिए आदर्श परिस्थिति प्रदान करते हैं ?**
(a) जूट (b) तंबाकू
(c) तिलहन (d) गेहूँ

**53. निम्नलिखित में से कौन से द्वितीयक समकों के स्त्रोत हैं ?**
i. सरकारी रिपोर्ट ii. समाचार पत्र
iii. पुस्तकें iv. वेबसाइट
(a) केवल (i) (b) (i) और (iii)
(c) (i), (ii) और (iii) (d) (i), (ii), (iii) और (iv)

**54. प्राचीन मगध राज्य की प्रथम राजधानी कौन सा शहर था ?**
(a) गया (b) पाटलिपुत्र
(c) राजगीर (d) दरभंगा

**55. निम्न में से कौन प्रोटोजोआ जनित रोग है ?**
(a) इन्फ्लुएंजा (b) हैजा
(c) काला अजर (d) टाइफॉइड

**56. 'मोटोजीपी भारत रेस-2023' निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित की गई थी ?**
(a) पणजी (b) चंडीगढ़
(c) मुंबई (d) ग्रेटर नोएडा

**57. वायु में ध्वनि तरंगे विचरण करती हैं :**
(a) विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में
(b) अनुप्रस्थ तरंगों के रूप में
(c) अनुप्रस्थ व अनुदैर्ध्य दोनों प्रकार की तरंगों के रूप में
(d) केवल अनुदैर्ध्य तरंगों के रूप में

**58. भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा माईक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम को बदल कर कौन सा ऑपरेटिंग सिस्टम लेने जा रहा है ?**
(a) गहन (b) माया
(c) मोह (d) तख्त

**59. वर्ष 2011 में भारत में किस केन्द्रशासित प्रदेश में लिंगानुपात न्यूनतम रहा था ?**
(a) चण्डीगढ़ (b) दमन एवं दीव
(c) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
(d) दादरा एवं नगर हवेली

**60. त्रिज्या 'a' तथा ऊँचाई 'b' वाले एक लम्बवृत्तीय बेलन के वक्रीय सतह का क्षेत्रफल है-**
(a) $2\pi ab$ (b) $\pi ab$
(c) $\pi a^2 b$ (d) $\pi(a^2 + b^2)$

**61. बहुत ठण्डे मौसम में Sn निम्न में से किस कारण से पाउडर में बदल जाता है,**
(a) क्रिस्टलीय जालक के विस्तार के कारण।
(b) कम तापमान पर SnO के निर्माण के कारण।
(c) Sn के पाउडरीकृत मेटास्टेनिक अम्ल में बदलने के कारण।
(d) सफेद Sn के स्लेटी Sn में बदलने के कारण जो कि अक्रिस्टलीय है।

**62. नार्वे शतरंज ब्लिट्ज टूर्नामेंट में किस भारतीय शतरंज खिलाड़ी ने मैग्नस कार्लसन को हराया ?**
(a) विदिध गुजराती (b) आर. प्रागनानंद
(c) परिमार्जन नेगी (d) डी. गुकेश

**63. पूर्त्ति के नियम के अनुसार एक वस्तु की कीमत एवं उसकी पूर्त्ति मात्रा के मध्य संबंध होता है :**
(a) आनुपातिक (b) अप्रत्यक्ष
(c) धनात्मक (d) ऋणात्मक

**64. किसी खेत में क्रमवार नियोजित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न फसलों के उगाने को ......... कहते हैं-**
(a) एकल फसल (b) अंतराफसलीयकरण
(c) फसल चक्र (d) मिश्रित खेती

**65. 'रुपिआह' मुद्रा है:-**
(a) भारत की (b) बांग्लादेश की
(c) भूटान की (d) इन्डोनेशिया की

**66. कच्चा माल सम्मिलित किया जाता है-**
(a) स्थिर पूंजी में (b) कार्यशील पूंजी में
(c) मानव पूंजी में (d) प्राकृतिक संसाधन में

**67. व्यावसायिक बैंकों का मुख्य कार्य है-**
(a) सरकार के बैंकर (b) बैंकों की संवृद्धि
(c) जमा स्वीकार करना और ऋण देना
(d) बिलों का भुगतान

**68. फ्रांस के निम्न में से किन दो नेताओं ने नेशनल असेंबली के गठन की घोषणा की ?**
(a) मिराब्यो और वोल्टेयर (b) मिराब्यो और रूसो
(c) मिराब्यो और मोंटेस्क्यू (d) मिराब्यो और आबेसिए

**69. 'बाणों को रखने का साधन' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) तकाबी (b) तितीर्पु
(c) तूणीर (d) त्रिलाप

**70. Change the following sentence into indirect speech from the options given below :**
**He said to me, "My cousin has drawn this picture,"**
(a) He told me that his cousin had drawn that picture.
(b) He told me that his cousin had drawn this picture.
(c) He told me that his cousin had drew this picture.
(d) He told me that his cousin had drew that picture.

**71. भारत रत्न विजेता, भूपेन हजारिका निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस से सम्बन्धित है ?**
(a) कला (b) खेल
(c) राजनीति (d) अर्थशास्त्र

**72. निम्नलिखित में से अनअपचयी शर्करा है-**
(a) माल्टोस (b) सुक्रोस
(c) लेक्टोस (d) सेलोबाइओस

**73. मुख्यमंत्री के कार्य व शक्तियों का उल्लेख भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में मिलता है ?**
(a) अनुच्छेद 162 (b) अनुच्छेद 167
(c) अनुच्छेद 168 (d) अनुच्छेद 169

**74. आंत में पाचन के पश्चात अवशोषित वसा का वहन किया जाता है-**
(a) रुधिर द्वारा (b) लसीका द्वारा
(c) प्लाज्मा द्वारा (d) सीरम द्वारा

Raushan

**75. फिटकरी गंदले पानी को किस प्रक्रिया द्वारा स्वच्छ करती है ?**
(a) अवशोषण (b) अधिशोषण
(c) स्कंदन (d) अपोहन

**76. कॉपर छीलन को सान्द्र $H_2SO_4$ के साथ गरम करने पर क्या मुक्त करता है ?**
(a) $O_2$ (b) $SO_2$
(c) $SO_3$ (d) $H_2S$

**77. वास्को-डा-गामा भारत में कब आया ?**
(a) 1492 ई. (b) 1494 ई.
(c) 1498 ई. (d) 1506 ई.

**78. गंगा के मैदान में नवीन जलोढ़ निक्षेपों को ........ कहते हैं।**
(a) बांगर (b) खादर
(c) तराई (d) भाभर

**79. राजीव और अभय ने एक व्यापार में निवेश किया। लाभ को 2:3 में विभाजित किया गया। लाभ को निवेश के अनुरूप विभाजित किया है। यदि राजीव ने ₹40,000 निवेश किये तो अभय के द्वारा निवेश की गई राशि है :**
(a) ₹40,000 (b) ₹50,000
(c) ₹60,000 (d) ₹70,000

**80. निम्नलिखित में से किस दिन को 'विश्व पृथ्वी दिवस' के रूप में मनाया गया ?**
(a) 22 जून (b) 22 मार्च
(c) 22 अप्रैल (d) 22 मई

**81. प्रयाग प्रशस्ति का रचनाकार कौन था ?**
(a) बाणभट्ट (b) हरिषेण
(c) कालीदास (d) विष्णु शर्मा

**82. निम्न में से जीवाणु जनित रोग को पहचानिए व सही विकल्प को चुनिए-**
a. कुष्ठ रोग, टिटनेस b. हैजा, मस्तिष्कावरणशोथ
c. पोलियो, मोतीझरा d. न्यूमोनिया, रेबीज
(a) a एवं c (b) a और b
(c) b एवं c (d) a, b, c एवं d

**83. बिहार राज्य का क्षेत्रफल कितना है ?**
(a) 98,763 $km^2$ (b) 92,263 $km^2$
(c) 94,163 $km^2$ (d) 99,279 $km^2$

**84. 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों को अपनाने का मुख्य व तात्कालिक कारण क्या था ?**
(a) राजकोषीय घाटा (b) गरीबी
(c) भुगतान संतुलन का संकट
(d) मुद्रास्फीति

**85. इमरजेन्सी ( आपातकालीन ) हार्मोन कहा जाता है-**
(a) एड्रीनेलीन को (b) इन्सूलिन को
(c) एस्ट्रोजन को (d) वृद्धि हार्मोन को

**86. समुद्री जैव विविधता के लिए भारत का पहला राष्ट्रीय केन्द्र स्थित है-**
(a) जामनगर (b) भावनगर
(c) मुंबई (d) पुडुचेरी

**87. अन्त्योदया अन्न योजना कब लागू की गई थी ?**
(a) 1990 (b) 2000
(c) 2002 (d) 2014

**88. भारतीय संविधान के कौन-से भाग को 7वें संविधान संशोधन, 1956 के द्वारा हटाया गया ?**
(a) भाग V (b) भाग VII
(c) भाग VI (d) भाग VIII

**89. प्रक्षेप, जिसमें केन्द्र से सभी बिन्दुओं की दिशाओं को सही-सही दर्शाया जाता है, ........ प्रक्षेप कहलाता है।**
(a) दिगंशीय (b) होमोलोग्राफीय
(c) यथाकृतिक (d) लंबकोणीय

**90. कौन-सी अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पार किए बिना आप भारत से तिब्बत जा सकते हैं ?**
(a) भारत - चीन सीमा (b) भारत - नेपाल सीमा
(c) भारत - भूटान सीमा (d) भारत - म्यांमार सीमा

**91. यदि सीमांत उपभोग प्रकृति (MPC) = 0.8 है, तो गुणक का मान होगा-**
(a) 5 (b) 10
(c) 4 (d) 8

**92. रु. 1,000 की राशि पर 10% प्रति वर्ष की दर से साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज के बीच 4 वर्ष के बाद अन्तर है-**
(a) रु. 32.10 (b) रु. 40.40
(c) रु. 54.40 (d) रु. 64.10

**93. 'अल-हिलाल' नामक अखबार की स्थापना किसने की थी ?**
(a) जफर अली खान (b) अली बन्धु
(c) इकबाल (d) अबुल कलाम आजाद

**94. अधिसूचित क्षेत्र समिति के सदस्य-**
(a) राज्य सरकार द्वारा मनोनीत होते हैं।
(b) जनता द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं।
(c) नगर निगम द्वारा मनोनीत होते हैं।
(d) स्थायी समिति द्वारा चुने जाते हैं।

**95. निम्नलिखित में से कौन बंगाल में स्थायी बंदोबस्त का प्रस्तावक था ?**
(a) सर जॉन शोर (b) थॉमस मुनरो
(c) वारेन हेस्टिंग्स (d) माउंट स्टुअर्ट एलिफिसटन

**96. ध्वनि का वेग सबसे तेज होता है-**
(a) स्टील में (b) पानी में
(c) दूध में (d) हवा में

**97. भारतीय संविधान की उद्देशिका में संशोधन किया गया-**
(a) 40वें संशोधन द्वारा (b) 44वें संशोधन द्वारा
(c) 42वें संशोधन द्वारा (d) 45वें संशोधन द्वारा

**98. श्रेणी $1^2 + 2^2x + 3^2x^2 + 4^2x^3 + \ldots\ldots (x < 1)$ के अनंत पदों का योग है।**
(a) $\frac{1+x}{(1-x)^3}$ (b) $\frac{1+x}{(1-x)^2}$
(c) $\frac{1-x}{1+x}$ (d) $\frac{1}{(1-x)^3}$

**99. निम्नलिखित में से किसने 1940 में सर्वप्रथम व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया ?**
(a) महात्मा गांधी (b) विनोबा भावे
(c) जवाहर लाल नेहरू (d) राजेन्द्र प्रसाद

**100. निम्नलिखित जिलों में से कौन सा उत्तरी-पश्चिमी जलोढ़/दोमट मैदानों का भाग नहीं है ?**
(a) पूर्णिया (b) मुजफ्फरपुर
(c) बेगुसराय (d) समस्तीपुर

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (a) | 5. (d) | 6. (c) | 7. (c) | 8. (b) | 9. (d) | 10. (a) |
| 11. (d) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (d) | 15. (a) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (a) |
| 21. (b) | 22. (b) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (a) | 28. (a) | 29. (c) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (a) | 35. (b) | 36. (a) | 37. (b) | 38. (b) | 39. (b) | 40. (c) |
| 41. (a) | 42. (a) | 43. (c) | 44. (b) | 45. (b) | 46. (b) | 47. (c) | 48. (a) | 49. (a) | 50. (a) |
| 51. (b) | 52. (a) | 53. (d) | 54. (c) | 55. (c) | 56. (d) | 57. (d) | 58. (b) | 59. (b) | 60. (a) |
| 61. (d) | 62. (d) | 63. (c) | 64. (c) | 65. (d) | 66. (b) | 67. (c) | 68. (d) | 69. (c) | 70. (a) |
| 71. (a) | 72. (d) | 73. (b) | 74. (a) | 75. (c) | 76. (b) | 77. (c) | 78. (b) | 79. (c) | 80. (c) |
| 81. (b) | 82. (b) | 83. (c) | 84. (c) | 85. (a) | 86. (a) | 87. (b) | 88. (b) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (a) | 92. (d) | 93. (d) | 94. (a) | 95. (a) | 96. (a) | 97. (c) | 98. (a) | 99. (b) | 100. (a) |


ज्ञान बिन्दु जी.एस. एकेडमी Dir. Raushan Anand

# BIHAR DAROGA PRE. 2023 (1275) में पूछे गए प्रश्न 2nd Shift

**1. एक ठोस शंकु जिसके आधार की त्रिज्या r तथा ऊँचाई h है उसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल है-**
(a) $\pi (r^2 + h^2)$ (b) $\pi (r^2 + rh)$
(c) $\pi r\left(r+\sqrt{h^2+r^2}\right)$ (d) $\pi rh (r+h)$

**2. कौन सी संस्था 'स्थानीय क्षेत्र प्रबंधन योजना' (LAMP) विकसित करने के लिए तैयार है ?**
(a) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
(b) नाबार्ड
(c) नीति आयोग (d) सीएसआईआर-नीरी

**3. सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 'फॉरवर्ड ब्लॉक' का गठन किया गया**
(a) 1936 ई. में (b) 1938 ई. में
(c) 1939 ई. में (d) 1940 ई. में

**4. पंजाब का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय किस वर्ष हुआ ?**
(a) 1856 ई. (b) 1849 ई.
(c) 1848 ई. (d) 1846 ई.

**5. Choose the appropriate passive voice of the following sentence from the options given below :**
**People have seen wolves in the streets.**
(a) Wolves had been seen in the streets.
(b) In the streets, wolves were seen.
(c) Wolves were seen in the streets by people.
(d) Wolves have been seen in the streets by people.

**6. दक्षिण अफ्रीका साथी लॉयड हैरिस के साथ मलोरका चैंपियनशिप में युगल ट्रॉफी जीतकर एटीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब किसने जीता ?**
(a) युकी भांबरी (b) सिद्धार्थ रावत
(c) रोहन बोपन्ना (d) सुमित नागल

**7. भारत के सबसे उत्तरी दिशा में निम्न में से कौन सा जैवमंडल भंडार स्थित है ?**
(a) नंदा देवी (b) कोल्ड डेजर्ट
(c) मानस (d) सिमलिपाल

**8. जनगणना 2011 के अनुसार भारत में किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक था ?**
(a) बिहार (b) पश्चिमी बंगाल
(c) केरल (d) उत्तर प्रदेश

**9. निम्नलिखित में से कौन सा जापान की मुद्रा का नाम है ?**
(a) युआन (b) येन
(c) लीरा (d) पेसो

**10. मुद्रा का प्राथमिक कार्य क्या है ?**
(a) विनिमय का माध्यम (b) मूल्य का मापक
(c) (a) व (b) दोनों (d) मूल्य का हस्तान्तरण

**11. सर्वाधिक प्रचूरता वाला उत्पादन - साधन है :**
(a) भूमि (b) श्रम
(c) पूँजी (d) संगठन

**12. दो सेक्टर अर्थव्यवस्था प्रारूप में समग्र माँग होती है :**
(a) S + I (b) C + S
(c) C – S (d) C + I

**13. 'जो बात लोगों से सुनी गई हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**
(a) जनजाति (b) जिज्ञासा
(c) जजिया (d) जनश्रुति

**14. हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था ?**
(a) बूनाई (b) म्यूनिख
(c) मेमल (d) नीस

**15. प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से वस्तु का उत्पादन करने वाला क्षेत्र कहलाता है-**
(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र
(c) तृतीयक क्षेत्र (d) अवशिष्ट क्षेत्र

**16. राज्य विधान परिषद् की न्यूनतम सदस्य संख्या है :**
(a) 82 (b) 78
(c) 55 (d) 40

**17. निम्नलिखित में से किसे तैरते द्वीपों की झील कहा जाता है ?**
(a) पुलिकट झील (b) लोकटक झील
(c) हुसैन सागर झील (d) ढेबर झील

**18. बिहार के निम्नलिखित में से कौन सा जिला स्वर्ण खनिजों के उत्पादकों की सूची में है ?**
(a) भागलपुर (b) रोहतास
(c) जमुई (d) मुंगेर

**19. भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रस्तावक कौन थे ?**
(a) आचार्य नरेन्द्रदेव (b) जे. बी. कृपलानी
(c) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद
(d) जवाहर लाल नेहरू

**20. किस मध्यकालीन संत के उपदेश 'अभंग' में संकलित है ?**
(a) दादू (b) तुकाराम
(c) नामदेव (d) रविदास

**21. निम्नलिखित में से कौन सा बहुलक संघनन बहुलकीकरण क्रियाविधि से बनता है ?**
(a) पोलिथीन (b) पॉलीविनाइल क्लोराइड
(c) पोलिस्टाइरीन (d) नाइलोन

**22. प्रथम विश्व युद्ध के प्रभाव के रूप में महिलाओं ने नई भूमिका में प्रवेश किया क्योंकि.....**
(a) उन्होंने युद्धकाल में कारखानों, कार्यशालाओं एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों में काम करना आरम्भ किया
(b) उन्होंने युद्ध में सेनाओं में काम करना शुरू किया
(c) वे राजनीति में हावी होने लगीं
(d) उन्होंने युद्ध के दौरान अपने आपको घरेलू कार्यों तक सीमित कर लिया

**23. बिहार के निम्नलिखित जिलों में से किसमें आपको अधिकतम क्षेत्रफल में अति सघन वन मिलेंगे ?**
(a) पूर्वी चम्पारण (b) पश्चिमी चम्पारण
(c) गोपालगंज (d) सीतामढ़ी

**24. भारत में किस केन्द्र शासित प्रदेश में 2011 में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व रहा थी ?**
(a) लक्षद्वीप
(b) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
(c) पुडुचेरी (d) दमन एवं दीव

**25. भारतीय संविधान के कौन-से भाग में कल्याणकारी राज्य की संकल्पना है ?**
(a) प्रस्तावना (b) न्यायिक पुनरावलोकन
(c) मूल अधिकार (d) राज्य के नीति निदेशक तत्व

**26. निम्नलिखित में से कौन सी गैस ओजोन परत के लिए हानिकारक है ?**
(a) $CO_2$ (b) CFC
(c) $N_2O$ (d) $CH_4$

**27. ₹6,400 का 6% प्रतिवर्ष की दर से 11 फरवरी से 7 जुलाई 2022 तक साधारण ब्याज क्या होगा ?**
(a) ₹153.6 (b) ₹163.8
(c) ₹168.4 (d) ₹172.5

**28. अवसर की समानता से संबंधित अनुच्छेद है :**
(a) 14 (b) 19
(c) 16 (d) 22

**29. फ्रांस का शासक लुई 16वाँ किस राजवंश से था ?**
(a) रोमानोव राजवंश (b) सेक्सोन राजवंश
(c) बूर्बो राजवंश (d) नोर्मन राजवंश

**30. रससंवेदी ग्राही ............ का पता लगाते हैं।**
(a) गंध (b) ताप
(c) स्वाद (d) ये सभी

**31. निम्नलिखित में से कौन सा तत्व और उसके प्रतीक की जोड़ी सही है ?**
(a) मरकरी - Mr (b) लैड - Le
(c) सिल्वर - SI (d) सोडियम - Na

**32. सेंटियागो राजधानी है-**
(a) उरुग्वे की (b) गुआना की
(c) पेरु की (d) चिली की

**33. निम्नलिखित में से कौन सा एल-निनो का प्रभाव नहीं है ?**
(a) यह भूमध्यरेखीय वायुमंडलीय परिसंचरण में विकृति उत्पन्न कर देती है।
(b) यह समुद्री जल के वाष्पन में अनियमितता उत्पन्न कर देती है।
(c) इसके कारण समुद्र में मछलियों की संख्या कम हो जाती है।
(d) यह पेरू तट के जल का तापमान कम कर देती है।

**34. यूनेस्को का मुख्य कार्य क्या है ?**
(a) शिक्षा, विज्ञान व संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा शांति की स्थापना करना
(b) गरीब देशों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध करवाना
(c) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के लिए अल्पकालीन साख उपलब्ध करवाना
(d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देना

**35. 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में कौन सा जिला न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला है ?**
(a) पूर्णिया (b) रोहतास
(c) कैमूर (d) शिवहर

**36. दूरी-समय ग्राफ का ढ़लान देता है :**
(a) बल (b) त्वरण
(c) संवेग (d) चाल

**37. कालाशोक किस राजवंश से संबंधित था ?**
(a) मौर्य (b) शिशुनाग
(c) सातवाहन (d) हर्यक

**38. ताँबे की वस्तुएँ अपनी चमक खो देती हैं और हरे रंग की परत बनाती है, जो है-**
(a) कॉपर ऑक्साइड (b) कॉपर हाइड्रॉक्साइड
(c) कॉपर कार्बोनेट (d) क्षारीय कॉपर कार्बोनेट

**39. राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए जमानत राशि है :**
(a) ₹5,000 (b) ₹10,000
(c) ₹12,000 (d) ₹15,000

**40. कौन सी कंपनी ने भारत में प्रथम इलेक्ट्रिक कार लॉन्च की थी ?**
(a) टाटा (b) एमजी
(c) होंडा (d) टोयोटा

**41. लाल लैटेराइट मिट्टियाँ किस फसल के लिए अधिक उपयुक्त है ?**
(a) काजू (b) मूँगफली
(c) प्याज (d) काली मिर्च

**42. द्रव अवस्था से गुजरे बिना, गैसीय अवस्था का सीधे ठोस अवस्था में परिवर्तन कहलाता है-**
(a) निक्षेप (b) उर्ध्वपातन
(c) संघनन (d) जमना

**43. पी. आर. श्रीजेश और सविता पुनिया ने समान खिताब जीते, किस खेल से संबंधित हैं ?**
(a) टेबल टेनिस (b) हॉकी
(c) फुटबॉल (d) क्रिकेट

**44. रुधिर कणिका जो रक्त के थक्का निर्माण में सहायक है-**
(a) लाल रक्त कणिका (b) श्वेत रक्त कणिका
(c) प्लेटलेट (d) मोनोसाइट

**45. जब संविधानिक संशोधन का विधेयक राष्ट्रपति के पास जाता है, तो वह ..........**
(a) अपनी स्वीकृति को रोककर रख सकता है।
(b) संसद के पास पुनर्विचार के लिए वापस भेज सकता है।
(c) छः माह से अधिक की अवधि के लिए विलंबित नहीं कर सकता।
(d) अपनी स्वीकृति प्रदान करने के लिए बाध्य है।

**46. भारत में नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हाल ही में विमानन क्षेत्र में विनियमों को बढ़ाने के लिए कौन सा विधेयक पेश किया गया है ?**
(a) विमान मसौदा अधिनियम, 2023
(b) विमान विधेयक - 2023
(c) विमान सुधार विधेयक, 2023
(d) नागरिक उड्डयन विधेयक

**47. ऊष्मागतिकी के द्वितीय नियम का तात्पर्य है कि :**
(a) पूर्ण ऊष्मा यांत्रिक ऊर्जा में बदली जा सकती है।
(b) किसी ऊष्मा इंजन की दक्षता 100% नहीं हो सकती।
(c) कुछ ऊष्मा इंजन, जो उत्क्रमणीय प्रक्रम में काम कर रहे हैं, की दक्षता 100% हो सकती है।
(d) एक रेफ्रिजरेटर, तापमान को परम शून्य ताप तक कम कर सकता है।

**48. निम्न में से किस कारण से मांगी गई मात्रा में वृद्धि व कमी होगी ?**
(a) संबंधित वस्तुओं की कीमत में परिवर्तन
(b) उस वस्तु की कीमत में परिवर्तन
(c) उपभोक्ता की पसंद व रुचि में परिवर्तन
(d) उपभोक्ता की आय में परिवर्तन

**49. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राष्ट्रपति को जानकारी देने के संबंध में प्रधानमंत्री के कर्त्तव्य से संबंधित है ?**
(a) अनुच्छेद 52 (b) अनुच्छेद 61
(c) अनुच्छेद 75 (d) अनुच्छेद 78

**50. क्रिकेट विश्व कप-2023 फाइनल के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**
(a) भारत ने विश्व कप 6 विकेट से जीता।
(b) ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप 6 विकेट से जीता।
(c) दक्षिण अफ्रिका ने विश्व कप 6 विकेट से जीता।
(d) न्यूजीलैंड ने विश्व कप 6 विकेट से जीता।

**51. 6 से.मी. किनारे वाले एक घन की विपरित फलकों को काले, लाल एवं हरे रंग से रंगा जाता है और I से.मी. के घनों में काटा जाता है तब उन घनों की संख्या जिसकी केवल एक फलक रंगीन है, जो कि लाल है, है-**
(a) 72 (b) 36
(c) 32 (d) 16

**52. 'पार्श्व-पाश' युग्म-शब्द का सही अर्थ है-**
(a) बन्धन - बगल (b) धूलि - जानवर
(c) बगल - बन्धन (d) जानवर - धूलि

**53. किस शहर ने 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2023 की मेजबानी की ?**

(a) बीजिंग (b) मॉस्को
(c) डरबन (d) नई दिल्ली

**54. पॉलिसाइथेमिया में, किस प्रकार की कोशिकाओं की संख्या अधिकाधिक हो जाती है ?**
(a) प्लेटलेट्स (b) एरिथ्रोसाइट्स
(c) न्यूट्रोफिल्स (d) बेसोफिल्स

**55. सोडियम यौगिक का नाम बताइए जिसका उपयोग कठोर जल को मृदु करने के लिए किया जाता है।**
(a) धोवन सोडा (b) विरंजक चूर्ण
(c) जिप्सम (d) चूने का पत्थर

**56. निम्नलिखित में से किस संगठन ने सारथी मोबाइल एप लॉन्च किया है ?**
(a) आरबीआई (b) सेबी
(c) आईआरडीएआई (d) ट्राई

**57. केनसो (सिविल एयर नेविगेशन सर्विसेज ऑर्गनाइजेशन) एशिया प्रशांत सम्मेलन, 2023 कहाँ आयोजित किया गया था ?**
(a) बाली, इंडोनेशिया (b) नई दिल्ली, भारत
(c) कुआलालंपुर, मलेशिया (d) बैंकॉक, थाईलैंड

**58. निम्न में कौन से राज्य के उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार हैं ?**
(1) प्रारंभिक क्षेत्राधिकार (2) अपीलीय क्षेत्राधिकार
(3) निरीक्षण क्षेत्राधिकार (4) परामर्श संबंधी क्षेत्राधिकार
**नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

**59. सूची I का सूची II से मिलान कीजिए और दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | ग्राम पंचायत का गठन | i. | अनुच्छेद 50 |
| b. | एकसमान नागरिक संहिता | ii. | अनुच्छेद 48 |
| c. | कृषि और पशुपालन | iii. | अनुच्छेद 40 |
| d. | न्यायपालिका और कार्यपालिका का पृथक्करण | iv. | अनुच्छेद 44 |

**कूट :**
(a) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(b) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(c) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(d) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

**60. निम्नलिखित में से कौन सा भारत के त्रिविवर्तनिक विभाजन का भाग नहीं है ?**
(a) प्रायद्वीपीय क्षेत्र
(b) हिमालय और अन्य पर्वतीय श्रेणियाँ
(c) सिंधु-गंगा-ब्रह्मपुत्र मैदान
(d) पश्चिमी और पूर्वी घाट

**61. पेलाग्रा रोग किस विटामिन की कमी से होता है ?**
(a) थायमीन (b) नियासिन
(c) केल्सिफिरोल (d) राइबोफ्लेविन

**62. बंगाल की खाड़ी के सहारे तटीय मैदान का विभाग है-**
(a) कोरोमण्डल तट (b) कोंकण तट
(c) कन्नड़ तट (d) मालावार तट

**63. 'पालर पानी' है-**
(a) वर्षा-जल (b) समुद्री जल
(c) भारी जल (d) भूमिगत जल

**64. श्रेणी $\left(1+\frac{x}{2}\right)^{-\frac{1}{2}}$ का प्रसार है-**
(a) $1+\frac{x}{4}+\frac{3}{16}x^2+....$ (b) $1-\frac{x}{4}+\frac{3}{32}x^2+....$
(c) $1+\frac{x}{4}+\frac{3}{32}x^2+....$ (d) $1-\frac{x}{4}-\frac{3}{16}x^2+....$

**65. संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारत में निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है ?**
(a) अनुच्छेद 320 (b) अनुच्छेद 324
(c) अनुच्छेद 330 (d) अनुच्छेद 332

**66. भारत में स्थानीय शासन विषय है :**
(a) संघ सूची का (b) राज्य सूची का
(c) समवर्ती सूची का (d) अवशिष्ट विषय का

**67. व्यक्ति, जो देशबन्धु के नाम से भी जाना जाता है, वह है ...............**
(a) मोतिलाल नेहरू (b) राजेन्द्र प्रसाद
(c) रविन्द्रनाथ टैगोर (d) चित्तरन्जन दास

**68. Choose the correct form of direct narration for the given sentence :**
**He asked me if I had seen him anywhere.**
(a) He said to me, "Have you seen him anywhere ?"
(b) He says to me, "Is he seen somewhere ?"
(c) He says to me, "Did you see him anywhere ?"
(d) He said to me, "Do you see him anywhere ?"

**69. सरकारिया आयोग संबंधित है :**
(a) पंचायती राज से
(b) चुनाव आयोग की शक्तियों से
(c) केन्द्र और राज्य संबंधों से
(d) भूमि सुधार से

**70. निम्न में कौन सा पादप हॉर्मोन वृद्धि का संदमन करता है ?**
(a) ऑक्सिन (b) साइटोकाइनिन
(c) जिम्बेरेलिन (d) एब्सिसिक अम्ल

**71. राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है-**
(a) 28 फरवरी को (b) 29 अगस्त को
(c) 26 सितम्बर को (d) 26 अक्टूबर को

**72. निम्नलिखित में से किस की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा नहीं की जाती है ?**
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(b) लोकसभा का अध्यक्ष
(c) वायु सेना अध्यक्ष (d) राज्यपाल

**73. कर्पूरी देवी, एक ख्यातनाम कलाकार ...... पेन्टिंग से संबंधित थी।**
(a) मधुबनी (b) वर्ली
(c) कलमकारी (d) तंजौर

**74. 301-400 सीसी श्रेणी में 2023-इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप (आईएनएमआरसी) किसने जीती ?**
(a) रजनी कृष्णन (b) राजीव सेतु
(c) केविन कुंटल (d) एल्विन सुंदर

**75. जब एक पत्थर के टुकड़े को एक धागे से बांधकर क्षैतिज वृत्ताकार पथ पर घुमाया जाता है, तो पत्थर के टुकड़े का वेग किसी बिन्दु पर होगा :**
(a) वृत्ताकार पथ के लम्बवत् एवं वृत्त की त्रिज्या के अनुदिश बाहर की ओर
(b) उस बिन्दु पर वृत्ताकार पथ के स्पर्शीय रेखा के अनुदिश
(c) वृत्ताकार पथ के धरातल के लम्बवत्
(d) वृत्ताकार पथ के अनुदिश उसके केन्द्र की ओर

**76. निम्नलिखित में से कौन रैयतवाड़ी व्यवस्था का प्रतिपादक था ?**
(a) लार्ड कार्नवालिस (b) थॉमस मुनरो
(c) सर जॉन शोर (d) वारने हेस्टिंग्स

**77. भारत में सूक्ष्म वित्तीय कम्पनियों (गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों का एक प्रकार) का विनियामक प्राधिकरण कौन है ?**

Dr. Raushan Anand

(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) राष्ट्रीय आवास बैंक
(c) भारत सरकार का कम्पनी मामलों का विभाग
(d) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड

**78. रुधिर वाहिका जो कि एकल एन्डोथीलियम स्तर से निर्मित होती है, वह है-**
(a) धमनियाँ (b) नसें/शिराएँ
(c) केशिकाएँ (d) अलिन्द

**79. डीआरडीओ का 'सर्वत्र' क्या है ?**
(a) सैटेलाइट फोन (उपग्रह फोन)
(b) मोबाइल फोन
(c) मोबाइल सेतु निर्माण प्रणाली सुविधा
(d) मोबाइल टावर

**80. ग्लोबल जेन्डर गैप रिपोर्ट ......... के द्वारा जारी की जाती है।**
(a) वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम
(b) ट्रांसपेरेन्सी इन्टरनेशनल
(c) यू एन इ पी (d) वर्ल्ड बैंक

**81. ऑपरेशन फ्लड का संबंध है**
(a) बाढ़ नियंत्रण से (b) मछली उत्पादन से
(c) दूध उत्पादन से (d) खाद्यान्न उत्पादन से

**82. मनुष्य में श्रव्य आवृत्ति की परास है-**
(a) 2 Hz से 20 Hz (b) 20 kHz से 200 kHz
(c) 20 Hz से 20 kHz (d) 200 kHz से 300 kHz

**83. रोहन ₹ 25 वास्तविक मूल्य के 450 शेयर समतोल मूल्य पर खरीदता है। यदि वह वर्ष के अंत में ₹ 675 लाभांश प्राप्त करता है, तो लाभांश की दर है-**
(a) 4% (b) 5%
(c) 5.5% (d) 6%

**84. सबसे अधिक प्रयोग करने वाली ज्वररोधी दवा है-**
(a) सैलिसिलिक अम्ल (b) फिनेसिटीन
(c) पैरासिटामोल (d) एस्पिरीन

**85. निम्न में से कौन एक गैर सदस्य के रूप में संसद के किसी सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है ?**
(a) उपराष्ट्रपति
(b) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(c) भारत का महान्यायवादी
(d) मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**86. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए।**

| सूची I | | सूची II | |
|---|---|---|---|
| a. | कालीबंगा | 1. | भुज-कच्छ |
| b. | सुरकोटडा | 2. | सिंध |
| c. | कोट दीजी | 3. | राजस्थान |
| d. | बणावली | 4. | हरियाणा |

(a) a-2, b-4, c-3, d-1 (b) a-3, b-1, c-2, d-4
(c) a-2, b-1, c-3, d-4 (d) a-3, b-4, c-2, d-1

**87. गंगा डेल्टा का सबसे उत्तरी बिन्दु है-**
(a) नामचा बरुआ (b) फरक्का
(c) कोलकाता (d) ढ़ाका

**88. सामान्य दृष्टि के वयस्क के लिए नेत्र का निकट बिंदु होता है-**
(a) 10 सेमी पर (b) 15 सेमी पर
(c) 20 सेमी पर (d) 25 सेमी पर

**89. पूर्वी द्वीप समूह की खोज किस पुर्तगाली नाविक ने की ?**
(a) अमेरिगो (b) वास्को-डि-गामा
(c) मार्कोपोलो (d) कोलम्बस

**90. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) की परिभाषा है :**
(a) $\frac{C}{Y}$ (b) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$
(c) $\frac{S}{Y}$ (d) $\frac{\Delta S}{\Delta Y}$

**91. दिहांग दर्रा भारत के .......... राज्य में स्थित है।**
(a) नागालैण्ड (b) सिक्किम
(c) मेघालय (d) अरुणाचल प्रदेश

**92. पादप जिसका उपयोग बायोडीजल के रूप में किया जाता है उसको पहचानिए और सही विकल्प को चुनिए-**
a. करंज b. महुआ
c. जेट्रोफा d. अरण्डी
(a) a एवं c (b) b, c एवं d
(c) a, c एवं d (d) a, b, c एवं d

**93. हुन (HUN) किस भारतीय राज्य में मनाया जाने वाला एक सांस्कृतिक त्योहार है ?**
(a) असम (b) त्रिपुरा
(c) मेघालय (d) मणिपुर

**94. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में निम्नलिखित विशेषताएँ हैं-**
(i) बाजार में बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता शामिल हैं
(ii) सभी फर्म समरूप वस्तुएँ बनाती हैं
(iii) प्रत्येक खरीदार और विक्रेता एक मूल्य लेने वाला है
**सही विकल्प चुने-**
(a) i और ii (b) केवल i
(c) ii और iii (d) i, ii और iii सभी

**95. 'एज ऑफ टाइम' निम्नलिखित में से किस हस्ती की जीवनी है ?**
(a) सानिया मिर्जा (b) कल्पना चावला
(c) दीपिका पादुकोण (d) प्रियंका गांधी

**96. किसी वस्तु के बल व त्वरण के बीच का संबंध दिया जाता है-**
(a) न्यूटन के गति के प्रथम नियम द्वारा
(b) न्यूटन के गति के द्वितीय नियम द्वारा
(c) न्यूटन के गति के तृतीय नियम द्वारा
(d) न्यूटन के गति के चतुर्थ नियम द्वारा

**97. दुर्गावती जलप्रपात बिहार के ........ जिले में स्थित है।**
(a) औरंगाबाद (b) कैमुर
(c) बक्सर (d) भोजपुर

**98. एक खाली टैंक को A 6 घंटे में तथा B 8 घंटे में भरता है। यदि दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाए और दो घंटे बाद पाइप A बंद हो जाता है तो पाइप B को शेष टैंक को भरने में कितना समय लगेगा ?**
(a) $2\frac{1}{2}$ घंटे (b) $3\frac{1}{3}$ घंटे
(c) $4\frac{2}{3}$ घंटे (d) $5\frac{1}{2}$ घंटे

**99. दवाओं के आयात, नई दवाओं की मंजूरी और क्लिनिकल परीक्षणों पर नियामक नियंत्रण रखना किसका मुख्य कार्य है ?**
(a) आईसीसी (b) आईएसएसडीए
(c) सीडीएससीओ (d) एफएसएसएआई

**100. निम्न में से कौन सा क्षेत्र सार्वजनिक क्षेत्र का उदाहरण है ?**
(a) रेलवे (b) टिस्को
(c) रिलायंस इंडस्ट्री (d) हिन्दुस्तान यूनिलीवर

**BIHAR DAROGA 2023 (1275) PRELIMS में पूछे गए प्रश्न** **Answer Key** **2nd Shift (17.12.2023)**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (d) | 3. (c) | 4. (b) | 5. (d) | 6. (a) | 7. (b) | 8. (a) | 9. (b) | 10. (c) |
| 11. (a) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (a) | 15. (a) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (b) |
| 21. (d) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (b) | 25. (d) | 26. (b) | 27. (a) | 28. (c) | 29. (c) | 30. (c) |
| 31. (d) | 32. (d) | 33. (d) | 34. (a) | 35. (a) | 36. (d) | 37. (b) | 38. (d) | 39. (d) | 40. (a) |
| 41. (a) | 42. (a) | 43. (b) | 44. (c) | 45. (d) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (d) | 50. (b) |
| 51. (c) | 52. (c) | 53. (c) | 54. (b) | 55. (a) | 56. (b) | 57. (a) | 58. (a) | 59. (a) | 60. (d) |
| 61. (b) | 62. (a) | 63. (a) | 64. (b) | 65. (b) | 66. (b) | 67. (d) | 68. (a) | 69. (c) | 70. (d) |
| 71. (b) | 72. (b) | 73. (a) | 74. (b) | 75. (b) | 76. (b) | 77. (a) | 78. (c) | 79. (c) | 80. (a) |
| 81. (c) | 82. (c) | 83. (d) | 84. (c) | 85. (c) | 86. (b) | 87. (b) | 88. (d) | 89. (b) | 90. (b) |
| 91. (d) | 92. (d) | 93. (d) | 94. (d) | 95. (b) | 96. (b) | 97. (b) | 98. (b) | 99. (c) | 100. (a) |


ज्ञान बिन्दु जी.एस. एकेडमी
Dir. Raushan Anand